**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

## सिटी, सर्टिफाइड डाइवर्स कारोबारों के लिए ब्रैम्पटन में और अवसर पैदा कर रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (16 नवंबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, अधिकारक तौर पर, बिल्कुल नए पांच गैर-लाभ सप्लायर सर्टीफिकेशन संगठनों: बाइ सोशल कैनेडा (Buy Social Canada); कैनेडियन एबओरिजिनल एंड माइनॉरिटी सप्लायर काउंसिल (Canadian Aboriginal and Minority Supplier Council); कैनेडियन गे एंड लेस्बियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (Canadian Gay and Lesbian Chamber of Commerce); इन्क्लूसिव वर्कप्लेस सप्लाई काउंसिल ऑफ कैनेडा एंड डबल्यू.बी.ई. कैनेडा (Inclusive Workplace Supply Council of Canada and WBE Canada), सर्टिफाइड वूमेन बिजनेस एंटरप्राइजेस (Certified Women Business Enterprises) की कार्पोरेट मेम्बर (Corporate Member) है।

इसका अर्थ है कि सिटी के खरीद संबंधी प्रोजेक्ट्स पर बोली लगाने और ब्रैम्पटन में और कारोबार करने के लिए, सिटी, छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए बराबरी वाली पहुंच पैदा कर रही है, इनमें शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं, महिलाएं, इंडीजीन्स लोग, प्रत्यक्ष अल्प संख्यक, सेवानिवृत्त सैनिक, विकलांग व्यक्ति, LGBTQ2S-मालिकों वाले संगठन और सामाजिक उद्देश्य वाले एंटरप्राइज।

यह सिटी के नए सप्लाई चेन डाइवर्सिटी प्रोग्राम (Supply Chain Diversity Program) में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सर्टिफाइड डाइवर्स सप्लायर्स को, 25,000 डॉलर से 100,000 डॉलर तक के मूल्य वाले प्रोजेक्ट्स की सिटी द्वारा खरीद पर बोली लगाने के लिए बराबर पहुंच प्रदान करता है। डाइवर्स (विविध) सप्लायर एक ऐसा कारोबार है, जो बराबरी चाहने वाले समुदाय या सामाजिक उद्देश्य वाले एंटरप्राइज के द्वारा, कम से कम 51 प्रतिशत के स्वामित्व, प्रबंधन और नियंत्रण वाला हो।

ब्रैम्पटन, टोरोंटो (Toronto) के साथ, गैर-लाभ सप्लायर सर्टीफिकेशन संगठनों और सप्लाई चेन डाइवर्सिटी प्रोग्राम के कार्पोरेट मेम्बर वाली, दो म्युनिसिपल्टीज में से एक के तौर पर, डाइवर्स कारोबारों के लिए अवसर पैदा करने में मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ सर्टिफाइड डाइवर्स सप्लायर बनना**

योग्य डाइवर्स सप्लायर्स के लिए, सिटी के खरीद संबंधी प्रोजेक्ट्स पर बोली लगाने के लिए, उपरोक्त संगठनों मं से एक या अधिक द्वारा सर्टिफाइड होना जरूरी है।

बसंत 2021 से शुरू करते हुए, सिटी, 25,000 डॉलर से 100,000 डॉलर तक के मूल्य की आमंत्रण संबंधी खरीदों (Invitational Procurements) के लिए अपनी सर्टिफाइड डाइवर्स सप्लायर सूची (Certified Diverse Supplier List) देखेगी। इस प्रोग्राम के द्वारा, जब सिटी संगठनों से बोलियां मंगवाती है, तो इसमें दिए गए प्रोजेक्ट पर बोली लगाने के लिए, इसकी सर्टिफाइड डाइवर्स सप्लायर सूची में से कम से कम एक कारोबारी शामिल होगा।

**लिंक**

- [बाइ सोशल कैनेडा (Buy Social Canada)]
- [कैनेडियन एबओरिजिनल एंड माइनॉरिटी सप्लायर काउंसिल (Canadian Aboriginal and Minority Supplier Council)]
- [कैनेडियन गे एंड लेस्बियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (Canadian Gay and Lesbian Chamber of Commerce)]
- [इन्क्लूसिव वर्कप्लेस सप्लाई काउंसिल ऑफ कैनेडा (Inclusive Workplace Supply Council of Canada)]
- [डबल्यू.बी.ई. कैनेडा, सर्टिफाइड वूमेन बिजनेस एंटरप्राइसेज (WBE Canada, Certified Women Business Enterprises)]
- [सिटी ऑफ ब्रैम्पटन प्रोक्यूरमेंट प्रैक्टिसेज (City of Brampton procurement practices)]
- [सिटी ऑफ ब्रैम्पटन बिड्स एंड टेंडर्स वेबपेज (City of Brampton bids&tenders webpage)]

**हवाले**

“ब्रैम्पटन एक मोजैक है और विविधता और भागीदारी, हमारी खरीद सहित, हमारी सभी सेवाओं में शामिल हैं। नया सप्लाई चेन डाइवर्सिटी प्रोग्राम, सिटी के साथ कारोबार करने के लिए, अधिक महिलाओं, इंडीजीन्स, LGBTQ2SA और अल्प संख्यक-मालिकों वाले उद्दमियों की मदद करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम हमारे समुदाय में कारोबार करने के लिए सभी सप्लायर्स हेतु, अधिक बराबरी वाली पहुंच प्रदान कर रहे हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हम सभी लोगों द्वारा स्वामित्व वाले कारोबारों की हिमायत करते हैं। हमारी सप्लायर विविधता में सुधार करना, यह दर्शाता है कि ब्रैम्पटन, कैसे एक भागीदारी वाला समुदाय है, जहां हर किसी को सिटी के साथ कारोबार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डाइवर्स कारोबारों को जितनी जल्दी हो सके, सर्टिफाइड डाइवर्स सप्लायर सूची का हिस्सा बनने के लिए आवेदन करना चाहिए।”

- *हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज; सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हम, ब्रैम्पटन में डाइवर्स कारोबारों के लिए अवसर पैदा करने में मदद कर रहे हैं। हम उन्हें सिटी की पारदर्शी और निष्पक्ष खरीद प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम लगातार ऐसे तरीके सीख और विकसित कर रहे हैं, जिनमें हम डाइवर्स कारोबारों को शामिल करते हैं। हमें इन पांच नए सप्लायर्स के साथ कार्पोरेट मेम्बर होने पर गर्व है।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), वाइस-चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5 , सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, एक विविध, भागीदारी वाली और सामाजिक तौर पर सचेत म्युनिसिपल्टी है। हम जानते हैं कि छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए कारोबार संबंधी अवसर पैदा करना कितना महत्वपूर्ण है, विशेषकर महिलाओं, इंडीजीन्स लोगों, LGBTQ2SA समुदाय और अल्प संख्यक वर्गों के स्वामित्व वाले। यह, सिटी के सप्लाई चेन डाइवर्सिटी प्रोग्राम को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और अन्य शहरों द्वारा अपनाने के लिए बड़ी मिसाल है।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“बाइ सोशल कैनेडा सोशल पर्चेजिंग पार्टनर के तौर पर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन इसके लिए ‘सबसे बढ़िया मूल्य’ प्राप्त करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दर्शा रही है कि वह, सामुदायिक मूल्य पैदा करने और लोकल आर्थिक प्रभावों का लाभ लेने और पुनः बेहतर बनाने के अवसर पैदा करने के लिए, मौजूदा खर्च को कैसे उपयोग कर रहे हैं।”

- *एलिजाबेथ चिक (Elizabeth Chick), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बाइ सोशल कैनेडा*

"सी.ए.एम.एस.सी. (कैनेडियन एबओरिजिनल एंड माइनॉरिटी सप्लायर काउंसिल) हमारे बिल्कुल नए कार्पोरेट मेम्बर के तौर पर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का स्वागत करती है। 2019 में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, अधिक मज़बूत और अधिक जोशीला ब्रैम्पटन विकसित करने के लिए सफलतापूर्वक, अपनी वर्कप्लेस डाइवर्सिटी एंड इन्क्लूजन स्ट्रैटजी शुरू की थी। सी.ए.एम.एस.सी. को सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ काम करने पर बहुत गर्व है, जब यह सप्लायर डाइवर्सिटी को शामिल करने के लिए अपनी इन्क्लूजन स्ट्रैटजी का विस्तार कर रही है। हम, कैनेडा में सभी इंडीजीन्स और अल्प संख्यक सप्लायर्स के अवसर पैदा करने के लिए और आर्थिक बराबरी संचालित करने हेतु, मज़बूत रिश्ते बनाने के लिए उत्साहित हैं।”

- *कैसांड्रा डोरिंग्टन (Cassandra Dorrington), प्रेजिडेंट एंड सी.ई.ओ., कैनेडियन एबओरिजिनल एंड माइनॉरिटी सप्लायर काउंसिल*

“कार्पोरेट और सरकारी साझेदार, हमारे सप्लायर डाइवर्सिटी प्रोग्राम की रीढ़ की हड्डी हैं। हम सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का स्वागत करते हैं और सी.जी.एल.सी.सी. के नवीन सर्टिफाइड सप्लायर्स के साथ, उनसे जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। इकट्ठे मिलकर, हम कैनेडियन LGBT+उद्यम की हिमायत करना जारी रखेंगे।"

- *डैरल शूरमैन (Darrell Schuurman), को-फाउंडर एंड सी.ई.ओ., कैनेडियन गे एंड लेस्बियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, सप्लायर डाइवर्सिटी में उनके शानदार काम के लिए बधाई! इन्क्लूसिव वर्कप्लेस एंड सप्लाई काउंसिल ऑफ कैनेडा, इसका हिस्सा बनकर बेहद खुश है! सप्लायर डाइवर्सिटी के केस के, कैनेडा में पूरे लिखित प्रमाण हैं। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, विकलांग और सेवानिवृत्त सैनिक उद्यमियों के साथ काम करने के फायदों को समझती है। हम शानदार सफलता के लिए उत्साहित हैं!”

- *डीडरी गाए (Deidre Guy), फाउंडर, इन्क्लूसिव वर्कप्लेस सप्लाई काउंसिल ऑफ कैनेडा*

“डबल्यू.बी.ई. कैनेडा कम्युनिटी में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का स्वागत करना रोमांचक है। अब यह, अपना सप्लायर डाइवर्सिटी प्रोग्राम शुरू करने वाला दूसरा कैनेडियन शहर है। हालांकि कई म्युनिसिपल्टीज, खरीद संबंधी अवसरों के द्वारा महिलाओं के स्वामित्व वाले कारोबारों की मदद करने के बारे में बात करती हैं, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने निर्णायक कार्रवाई करके, सक्रिय तौर पर, कैनेडियन वूमेन बिजनेस एंटरप्राइजेस (डबल्यू.बी.ई.) के साथ रिश्ते आगे बढ़ाए हैं और उनके लिए अवसर पैदा किए हैं। यह कदम, विविध समुदायों को मदद करने और आगे बढ़ने में उनकी मदद के प्रति, ब्रैम्पटन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो विशेषकर महामारी के दौरान, बेहद महत्वपूर्ण है।”

- *सिल्विया पेनकैक (Sylvia Pencak), प्रेजिडेंट, डबल्यू.बी.ई. कैनेडा*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca